कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जल भवन बाणगंगा भोपाल

क्रमांक 455 / प्र.अ. / विधि(स्टेनो). / लोस्वायांवि. / 2024 भोपाल, दिनांक 18/09/2024

/ / आदेश / /

इस आदेश के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर की रिट पिटीशन क्रमांक 23615 / 2023 (यशवंत पिता भगवान सिंह एवं 05 अन्य बनाम म.प्र.शासन एवं अन्य) जो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड क्रमांक–1 मण्डलेश्वर खरगौन के अधीनस्थ कार्यरत 06 स्थायी वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों क्रमशः (1) श्री यशवंत पिता भगवान सिंह, (2) श्री इंदर पिता पंचम सिंह, (3) श्री भूरे पिता भगवान सिंह, (4) श्री गजराज पिता भिलु सिंह पटेल, (5) श्री विजय पिता किशन सिहं एवं (6) श्री महादेव पिता ऐडु पाटीदार के द्वारा दायर की गई थी, में पारित निर्णय दिनांक 29.09.2023 के अनुपालन में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन दिनांक 10.10.2023 का निराकरण किया जा रहा है।

(1) श्री यशवंत पिता भगवान सिंह एवं 05 अन्य स्थायी वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के समक्ष रिट पिटीशन क्र. 23615 / 2023 दायर कर माननीय न्यायालय से निम्न सहायता चाही गई थी :–

> (A) To issue appropriate writ/direction and order directing the respondent to grant the benefit of regularization of services to the petitoners and other benefits attached to the post as a regular employee.
>
> (B) Petition may kindly be allowed by cammanding the respondent to regularize the services of petitoner and confer benefits of minimum pay to the Petitoner with arrears and consequential benefits.
>
> (C) Any other relief which this Hon'ble Court deems fit in the facts and circumstances of the case may be awarded along with the cost of the petition.

(2) माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा उक्त रिट याचिका का निराकरण पारित आदेश दिनांक 29.09.2023 के माध्यम से किया गया है, जो निम्नानुसार है :–

> 4. After hearing learned counsel for parties and taking into consideration the grievance of the petitioners, the present petition is disposed of with liberty to the petitioners to file a representation before the respondent No.2- Engineerin-Chief, PHE, Bhopal within one month from today and if such a representation is submitted by

the petitioners along with relevant circulars and order within aforesaid period, the respondent No.2 shall consider and decide the representation for regularization / classificastion as per Govt. circulars within a period of 3 months from the date of receipt of the representation bt passing a reasoned and speaking order.

(3) रिट याचिका क्र. 23615/2023 में पारित निर्णय दिनांक 29.09.2023 के अनुक्रम में सभी वादी कर्मचारियों की ओर से एक अभ्यावेदन दिनांक 10.10.2023 को प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है :–

प्रति,

प्रमुख अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,

बाणगंगा, जेल रोड, भोपाल म.प्र.

महोदय,

हम यशवंत पिता भगवान सिंह, गजराज पिता भिलुसिंह, महादेव पिता एड्डु पाटीदार, भूरे सिंह पिता भगवान सिंह कुशवाह एवं इन्दर सिंह पिता पंचम सिंह सभी कर्मचारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मण्डलेश्वर म.प्र. निवेदन करते है कि:–

1. यह कि, हम आपके अधीनस्थ 10 वर्षो से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के पद पर नियुक्त किये गये थे। हमने माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इंदौर के समक्ष न्यूनतम वेतनमान के आधार पर वेतन प्राप्त करने हेतु याचिका प्रस्तुत की थी। याचिका में पारित निर्णय के आधार पर हमें न्यूनतम वेतनमान का भुगतान किया जा रहा है।

2. यह कि, हमारी कुल सेवा अवधि 25 वर्ष से अधिक है। आपके द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्र. अपील (सिविल) 3595–3612/1999 सचिव कर्नाटक राज्य एवं अन्य विरूद्ध उमादेवी अन्य के प्रकरण में दिनांक 10.04.2006 को पारित निर्णय के आधार पर विभागीय बैठक में हमसे कनिष्ठ कर्मचारियों को नियमित श्रेणी का वेतनमान 4440–7440 ग्रेड–पे–1300 व अन्य सुविधा स्वीकृत कर उक्त वेतनमान के आधार पर वेतन भुगतान किये जाने का आदेश पारित किया गया था। हम भी उक्त कर्मचारियों के समान वेतनमान पाने के पात्र होने के उपरांत भी हमें उक्त वेतनमान से वंचित रखा गया है।

यहां यह उल्लेख करना उचित है कि, कर्नाटक विरूद्ध उमादेवी के मामले में उच्चतम न्यायालय के द्वारा जारी निर्देश के अनुपालन में दिनांक 07.02.2013 के आदेश के तहत प्रार्थी से कनिष्ठ कर्मचारियों को नियमित किया गया, जिनमें से श्री देवनारायण भिलाजी एवं श्री नंदकिशोर कारपेंटर का नाम उक्त आदेश में उल्लेखित है, जो कि, संधारण

खण्ड मण्डलेश्वर में नियुक्त है और उन्हें 5200–20200 ग्रेड–पे 1800 स्वीकृत किया गया। आदेश दिनांक 07.02.2013 की प्रति इस अभ्यावेदन के साथ संलग्न है।

3. यह कि, आप म.प्र. शासन का विभाग होकर आपका यह संवैधानिक दायित्व है कि अब प्रत्येक कर्मचारी के प्रति समानता का व्यवहार करे, किन्तु आपने हमारे प्रति भेदभाव का व्यवहार करते हुए हमें संवैधानिक अधिकारें से वंचित किया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील नं. 7370–7378/2022 किरण वासुदेव विरूद्ध ग्वालियर डेवलपमेंट अथॉरिटी के प्रकरण में दिनांक 03.12.2021 को पारित निर्णय में इस तरह की भेदभाव पूर्ण नीति की आलोचना करते हुए यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि–

> Heaving heard learned counsel for the parties, this Court is of the opinion that the impugned judgment to the extent that it held the direction cannot be issued for the creation of a post including a supernumerary post is warranted. Nevertheless equally GDA as an authority and bound by the provision of Article 14 of the Constitution could not have permitted discrimination against one of its employees given that other employees- who were concededly juniors to the appellant: were regularized pursuant to the order of Labour Court. The award was complied with, without demur.
>
> In the circumstances, the Court hereby allow this appeal in part to the extent that the regularization benefits given to the appellant are not confined to the terms of the order dated 06.07.2019. It would be in line with the order dated 23.10.2004 issued in favour of the other employees.
>
> In other words, the appellant shall be entitled to all regularization benefits with effect from the same dates as her 4 juniors were given by virtue of the order dated 23.10.2004. The differential pay-scales fitment and pay revision order shall be issued within four weeks, and consequential benefits including monetary benefits, be granted in eight weeks.
>
> The appeals are partly allowed to the above extent.

4. यह कि, राज्य सरकार के सरक्युलर दिनांक 29.09.2014 के अनुसार मूल परिपत्र दिनांक 16.05.2007 की कंडिका कं. 5.5 में निम्नानुसार परन्तुक जोडा गया, जो कि, इस प्रकार है:–

> कंडिका 5.5 "परन्तु दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जिस पद/संवर्ग में कार्यरत और उस संवर्ग का पद रिक्त ना होकर अन्य कोई समकक्ष पद रिक्त है और वह दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी उस रिक्त पद की निर्धारित योग्यता निर्धारण करता है, तो उस समकक्ष रिक्त पद पर नियमितीकरण की कार्यवाही की जायें।"

उपरोक्त सरक्युलर दिनांक 29.09.2014 की छायाप्रति इस अभ्यावेदन के साथ संलग्न है।

5. यह कि, उपरोक्त आधार पर प्रार्थीगण ने माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका कमांक 23615/2023 नियमितीकरण हेतु प्रस्तुत की थी, जिसका निराकरण माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 29.09.2023 को किया गया। आदेशानुसार प्रार्थी को यह निर्देशित किया गया कि, प्रार्थी एक विस्तृत अभ्यावेदन प्रतिप्रार्थी कं. 2 के समक्ष प्रस्तुत करें और प्रतिप्रार्थी क्र. 2 को यह आदेशित किया गया कि, उक्त आदेश के प्राप्त होने पर आदेश पारित करें। निर्णय का प्रासंगिक भाग यहां उद्धृत किया गया है एवं निर्णय की छायाप्रति अभ्यावेदन के साथ संलग्न है।

> 2. It is submitted that petitioners are working as daily wagers from 1986 to 1994. It is further stated that certain employees have been classified 'appointed' subsequent to the petitioners.
>
> The petitioners have completed uninterrupted service for more than 25 years and all are eligible for regularization/classification as per Government circular dated 16.5.2007. The petitioners have sent the legal notice through counsel.
>
> 3. Counsel for the State submits that petitioners have directly approached this Court before filing any representation before the competent authority.
>
> 4. After hearing learned counsel for parties and taking into consideration the grievance of the petitioners, the present petition is disposed of with liberty to the petitioners to file a representation before the respondent No.2-Engineerin-Chief, PHE, Bhopal within one month from today and if such a representation is submitted by the petitioners along with relevant circulars and orders within aforesaid period, the respondent No.2 shall consider and decide the representation for regularisation/classification as per Govt. circular within a period of 3 months from the date of receipt of the representation by passing a reasoned and speaking order.

अतः इस अभ्यावेदन के अनुसार आपको यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार इस अभ्यावेदन का निराकरण 3 माह के भीतर करने की कृपा करें और हम प्रार्थीगण का नियमितीकरण उपरोक्तानुसार करने की कृपा करें और उक्त नियमितीकरण से उत्पन्न होने वाले सभी लाभों को देने की कृपा करे।

(4) रिट याचिका कमांक 23615/2023 में पारित निर्णय दिनांक 29.09.2023 के अनुपालन में कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कमांक–1 मण्डलेश्वर खरगौन के अधीनस्थ कार्यरत सभी वादी कर्मचारियों के अभ्यावेदन का निराकरण निम्नानुसार किया जाता है :–

(i) आपके द्वारा अपने अभ्यावेदन में यह शिकायत प्रस्तुत की गई है कि म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दैनिक वेतन भोगी/अस्थायी कर्मचारियों के

नियमितीकरण के संबंध में परिपत्र क्रं. एफ 5–3/2006/1/3 भोपाल दिनांक 16.05.2007 एवं समसंख्यक परिपत्र दिनांक 06.09.2008 के आधार पर वर्ष 2013 में आपसे कनष्ठि कर्मचारियों को नियमित श्रेणी का वेतनमान व अन्य सुविधाये स्वीकृत की गई है, किन्तु आपको समान वेतनमान पाने के पात्र होने के उपरांत भी उक्त वेतनमान से वंचित रखा गया है।

इस संबंध मे आपको अवगत कराया जाता है कि वर्ष 2013 में परिपत्र दिनांक 06.09.2008 के अनुपालन में विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण, कार्यभारित/नियमित स्थापना के पद पर किया गया था। उक्त परिपत्र में ट्रेडवार सूची बनाकर वरिष्ठता के अनुसार नियमितीकरण की कार्यवाही का उल्लेख था जिसमें आपका वरिष्ठताक्रम पीछे होने के कारण आपका नियमितीकरण नहीं हो पाया था।

(ii) आपने नियमितीकरण की पालिसी दिनांक 16.05.2007 में जोड़े गये अंतिम परन्तुक जो समसंख्यक परिपत्र दिनांक 29.09.2014 के माध्यम से जारी किया गया था, जिसमें निम्नानुसार उल्लेख था:–

> **"दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जिस पद/संवर्ग में कार्यरत और उस संवर्ग में पद रिक्त न होकर कोई अन्य समकक्ष पद रिक्त है और वह दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी उस रिक्त पद की निर्धारित योग्यता धारण करता है तो उस समकक्ष रिक्त पद पर नियमितीकरण की कार्यवाही की जावे।"**

के आधार पर भी अपने नियमितीकरण का दावा प्रस्तुत किया है। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि तत्समय की पदों की रिक्तता एवं नियमितीकरण हेतु शेष रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता के अनुसार समग्रता से विश्लेषण एवं आकलन उपरांत इस परिपत्र के अनुपालन में परिक्षेत्र स्तर पर नियमितीकरण की कार्यवाही नही की गई थी।

(iii) यह भी पाया गया है कि परिपत्र दिनांक 29.09.2014 के अनुसार तत्समय (वर्ष 2014 में) आपके द्वारा रिक्तियों, शैक्षणिक योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर कार्यभारित/नियमित स्थापना के किसी पद पर नियमितीकरण के लिये कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नही किया गया था, जिस पर तत्समय की परिस्थितियों के अनुसार ही विचार कर उचित निर्णय लिया जा सकता था।

(iv) आपके द्वारा माह मार्च 2013 से दिनांक 07.03.2023 तक भी आपका नियमितीकरण किये जाने अथवा आपके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव किये जाने संबंधी कोई अभ्यावेदन अधीनस्थ कार्यालय अथवा इस कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना नहीं पाया गया है। उपरोक्तानुसार यह पाया जाता है कि विभाग द्वारा तत्समय की गयी नियमितीकरण की कार्यवाही एवं आपका नियमितीकरण नहीं किये जाने पर आपकी विगत 10 वर्षो तक पूरी तरह से "मौन सहमति" रही है।

(v) विभाग द्वारा जिस समय (दिनांक 07.02.2013 को) आपसे कनिष्ठ कर्मचारियों को नियमित किया गया था तथा आपके साथ भेदभाव का व्यवहार हुआ था, उसी समय अथवा अधिकतम 06 माह के भीतर आपके द्वारा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने/माननीय न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करने की कार्यवाही की जानी चाहिए थी। किन्तु आपके द्वारा इस संबंध में प्रथम अभ्यावेदन दिनांक 07.03.2023 को एवं रिट याचिका दिनांक 12.09.2023 को प्रस्तुत की गई है। परिसीमा अधिनियम 1963, के अनुसार इस प्रकृति के मामलों में Cause of Action उत्पन्न होने के दिनांक (दिनांक 07.02.2013) से अधिकतम 03 वर्ष के भीतर ही माननीय न्यायालय के समक्ष दावा प्रस्तुत किया जा सकता है।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि इस प्रकृति का अभ्यावेदन प्रस्तुत करने से नया Cause of Action उत्पन्न नही होता है। उपरोक्तानुसार, आपके द्वारा Cause of Action उत्पन्न होने के 10 वर्षो के पश्चात रिट याचिका दायर की गई है। आपके द्वारा इस भांति प्रस्तुत किया गया दावा "मौन सहमति", "अत्याधिक विलंब" एवं "अवधि बीत जाने" के आधार पर ही विचार किये जाने योग्य नहीं है।

(vi) म.प्र. शासन द्वारा नियमितीकरण पालिसी दिनांक 16.05.2007, वर्ष 2016 में जारी किये गए म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कं. एफ 5–1/2013/1/3 भोपाल दिनांक 07.10.2016 — कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के लिए "स्थायी कर्मियों को विनियमित करने की योजनां" के माध्यम से पूरी तरह से परिमार्जित की जा चुकी है ।

(vii) वर्तमान में विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों हेतु निम्न दो योजनायें प्रचलित है :–

(अ) <u>विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थायी वर्गीकृत करने तथा स्थायी वर्गीकरण से सम्बन्धी लाभ देने सम्बन्धी योजना</u>

पी.एच.ई. विभाग में पानी की पाईप लाईन बिछाई जाती है। पानी की टंकियों का निर्माण किया जाता है। हैंडपंप ट्यूबवेल की ड्रिलिंग का कार्य होता है। निर्माण कार्यो के संपादन हेतु बड़ी–बड़ी मशीनों का प्रयोग होता है। विभाग में 100 से अधिक कर्मचारी कार्य करते हैं। कार्य की प्रकृति एवं कर्मचारियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुये विभाग इंजीनियरिंग उद्योग की परिधि में आता है।

राज्य शासन के नोटिफिकेशन 4747 1230–16–ए दिनांक 6 अगस्त 1980 द्वारा म.प्र औद्योगिक नियोजन (मानक स्थायी आज्ञाएं)

अधिनियम 1961, नियम 1963 को राज्य के सभी उपक्रमों पर लागू किया गया है। विभाग एक उपक्रम है तथा उस पर मानक स्थायी आज्ञाओं के प्रावधान लागू होते हैं।

उपरोक्तानुसार विभाग के इंजीनियरिंग उद्योग की परिधि में आने तथा इसके एक उपक्रम होने के कारण, विभाग पर म .प्र शासन द्वारा श्रमिक विधियों के अंतर्गत बनाये गए **म. प्र ओद्योगिक सम्बन्ध अधिनियम 1960 एवं म.प्र औद्योगिक नियोजन (मानक स्थायी आज्ञाएं) अधिनियम 1961, नियम 1963** काफी पूर्व से ही विभाग पर लागू होते है।

विभाग में कार्यरत ऐसे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जो, बिना कोई स्वीकृत पद या पद योग्यता के एवं बिना किसी भरती नियम के अथवा किसी भरती प्रक्रिया के कार्य की आवश्यकतानुसार नियोजित कर लिये जाते हैं, उन दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों पर राज्य शासन के नियम लागू नहीं होते है, इसलिए उन पर म. प्र. औद्योगिक नियोजन (मानक स्थायी आज्ञाएं) अधिनियम 1961, नियम 1963 लागू होते है।

उक्त अधिनियम के अन्तर्गत निर्मित मानक स्थायी आज्ञाएं, जो राज्य शासन के सभी उपक्रमों के लिए बनायीं गयी है, के स्थायी आदेश कमांक 2 में कर्मचारियों का वर्गीकरण एवं स्थाई कर्मचारी को परिभाषित किया गया है। मानक स्थायी आज्ञाओ के मानक स्थायी आदेश कमांक 2(i) अथवा 2(vi) के अतंर्गत कोई दैनिक वेतन भोगी श्रमिक शर्ते पूरी करता है तो वह स्थाई रूप में वर्गीकृत होता है।

**जहॉं तक दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को स्थायी वर्गीकृत किये जाने संबंधी कार्यवाही का प्रश्न है, यह सामान्यतः दो प्रकार से की जा सकती है :–**

**(a) माननीय श्रम न्यायालय द्वारा प्रकरण के तथ्यों का परीक्षण कर, वाद बिन्दु तय कर, उभयपक्षों के साक्ष्य उपरांत श्रम कानून के अंतर्गत आदेश पारित कर किसी दिनांक विशेष से वादी श्रमिक को स्थायी वर्गीकृत घोषित किया जा सकता है।**

**(b) मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नियमों/निर्देशों के आधार पर नियोजक द्वारा स्थायी वर्गीकरण का आदेश पारित किया जा सकता है।**

म.प्र. औद्योगिक नियोजन (स्थायी आज्ञाएं) अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत निर्मित मानक स्थाई आदेश में दैनिक वेतन भोगी श्रमिक को स्थाई

वर्गीकृत किये जाने पर उसे क्या वेतन देय होगा, यह उक्त अधिनियम में प्रावधानित नहीं है। तत्समय दैनिक वेतन भोगी श्रमिक को वेतन का भुगतान न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित दर पर किया जाता था।

**मान. उच्चतम न्यायालय की अवमानना याचिका क्रमांक 771/2015 (रामनरेश रावत एवं अन्य बनाम अश्विनी राय एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 15.12.2016** में स्थाई वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को पद के ग्रेडेड वेतनमान का न्यूनतम वेतन (वेतन वृद्धि छोड़कर) देने के आदेश दिए गए थे । उक्त न्यायालयीन निर्णय के अनुपालन में विभागीय स्थाई वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को उनकी उक्त स्टेटस अवधि का पद के ग्रेडेड वेतनमान के न्यूनतम वेतन (वेतन वृद्धि छोड़कर) के अनुसार भुगतान किया गया है ।

किसी भी दैनिक वेतन भोगी श्रमिक को स्थायी वर्गीकृत करना उसका किसी भी रूप में राज्य शासन की नियमित सेवाओं में नियमितीकरण नहीं है तथा ऐसा करने से उसके स्टेटस में परिवर्तन होने की बजाय वह मात्र कुछ सुविधाओं और बढ़े हुए वेतन का पात्र बनता है, स्टेटस दैनिक वेतन भोगी ही बना रहता है । किसी भी रूप में राज्य शासन द्वारा बनाये गए सेवा नियमो के आधीन नहीं आता है ।

मान. उच्चतम न्यायालय द्वारा **एस.एल.पी. (सिविल) कमांक 10519/2020 (विभूति शंकर पांडे बनाम म.प्र.शासन एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 08.02.2023 में** माननीय न्यायलय द्वारा अपने पूर्व निर्धारित प्रकरण **सिविल अपील क्रमांक 3595–3612/1999 (सेक्रेटरी कर्नाटक राज्य एवं अन्य बनाम उमा देवी एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 10.04.2006** का हवाला देते हुए यह अभिनिर्धारित किया गया है कि ऐसे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जो, बिना किसी भरती नियम के अथवा किसी भरती प्रकिया के तथा बिना रिक्त पद और बिना नियुक्ति आदेश के नियोजित किये गए हैं, उनके द्वारा की गई नियमितीकरण की मांग मान्य किये जाने योग्य नहीं है । निर्णय निम्नानुसार है :–

> 3. The case of the appellant is that he was engaged in 1980 as a Supervisor, on daily rated basis, under a project of the State Water Resources Department of Madhya Pradesh. The appellant sought regularization on the post of Supervisor/Time Keeper. Admittedly, the minimum qualification for the said post was matriculation with mathematics; a qualification which the appellant did not possess. These qualifications were relaxed by a Government Circular dated 31.12.2010 and the appellant sought his regularization

on the post of Supervisor/Time Keeper, as he was qualified for the post and had been working on daily wage basis for a long period of time. In fact, in another writ petition (W.P. 13997/2010) filed by the appellant earlier, the High Court of Madhya Pradesh vide order dated 02.11.2017, had given directions to the State Government to decide the claim of the writ petitioner in accordance with law. Vide order dated 18.06.2018 issued by the Office of Chief Engineer, Rani Avanti Bai Lodhi Sagar Project, the claim of the appellant for regularization was rejected for the reasons that though the minimum qualifications of matriculation with mathematics will not come in the way for his regularization, but the fact remains that the appellant was never appointed against any post. Moreover, his appointment was never made by the competent authority and there were no posts available at the time for regularization. The appellant on the other hand, had set his claim for regularization as persons who were junior to him as daily wagers were regularized in the year 1990 or even before. The learned Single Judge while allowing the writ petition gave directions for regularization of the appellant from the date on which his juniors were regularized. This order was challenged by the State Government before a Division Bench which allowed the appeal of the State Government. The Division Bench rightly held that the learned Single Judge has not followed the principle of law as given by this Court in **Secretary, State of Karnataka and Ors. v. Umadevi and Ors.** , as initial appointment must be done by the competent authority and there must be a sanctioned post on which the daily rated employee must be working. These two conditions were clearly missing in the case of the present appellant. The Division Bench of the High Court therefore has to our mind rightly allowed the appeal and set aside the order dated 27.06.2019.

4. In view of the law laid down by the Constitution Bench of this Court in **Uma Devi** (supra), the appellant had no case for regularization. There is no scope, hence, for our interference with the order of the

Division Bench of the Madhya Pradesh High Court. Appeal is dismissed.

उपरोक्तानुसार स्थाई वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जिन्हे पद के नियमित वेतनमान के न्यूनतम वेतन का लाभ दिया गया है, **उमादेवी (सुपरा)** प्रकरण के आधार पर नियमित स्थापना के पदों पर संविलियन की पात्रता नहीं रखते है ।

**(ब) मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र कमांक एफ 5–1/2013/1/3 भोपाल, दिनांक 07 अक्टूबर 2016 के माध्यम से लाई गयी "कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के लिये स्थाई कर्मियों को विनियमित करने की योजना"**

पूर्व में म.प्र.शासन के कार्य विभाग (Works Departments) ही म.प्र. औद्योगिक नियोजन (मानक स्थायी आज्ञायें) अधिनियम 1961 नियम 1963 के अंतर्गत आते थे तथा इन विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को माननीय श्रम न्यायालयों अथवा प्रशासकीय आदेशों के माध्यम से स्थायी वर्गीकृत घोषित होने के उपरांत उन्हें स्थायी पद का वेतनमान प्राप्त करने की पात्रता आती थी ।

वर्ष 2016 में, मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र कमांक एफ 5–1/2013/1/3 भोपाल, दिनांक 07 अक्टूबर 2016 के माध्यम से सभी विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को म.प्र. औद्योगिक नियोजन (मानक स्थायी आज्ञायें) अधिनियम 1961 नियम 1963 के अंतर्गत लाया गया है तथा उनके लिए **कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के लिये "स्थाई कर्मियों को विनियमित करने की योजना"** जारी की गयी है जिसमें नियमितीकरण से वंचित दैनिक वेतन भोगियों को स्थायी कर्मी की श्रेणी देते हुए उन्हें अकुशल/अर्द्धकुशल/कुशल श्रेणी में विभाजित कर श्रेणीवार वेतनमान स्वीकृत करने के निर्देश जारी किये गये है। वेतनमान निम्नानुसार है :–

| | |
|---|---|
| अकुशल श्रेणी | 4000–80–7000 |
| अर्द्धकुशल श्रेणी | 4500–90–7500 |
| कुशल श्रेणी | 5000–100–8000 |

इस योजना में कर्मचारी को पूर्व की सेवा अवधि की एरियर राशि भुगतान का प्रावधान नहीं रखा गया है बल्कि पूर्व की सेवा अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए एक वेतनवृद्धि दिए जाने का प्रावधान है।

यद्धपि इस योजना में शामिल दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी भी बिना किसी भरती नियम के अथवा किसी भरती प्रक्रिया के तथा बिना रिक्त पद और बिना नियुक्ति आदेश के नियोजित किये गए हैं, तथापि योजना का विस्तार सभी विभागों के सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों तक होने के कारण, राज्य शासन द्वारा इस योजना को अधिक लाभदायक, कल्याणकारी और कर्मचारी हितैषी बनाते हुए इसमें शामिल दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों अथवा इसका चयन करने वाले स्थाई वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए निर्धारित चयन प्रक्रिया **(जिला स्तर के चतुर्थ श्रेणी पदों की पूर्ति हेतु संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चयन किये जाने पर)** के माध्यम से, नियमित सेवा में संविलियन के अवसर भी उपलब्ध कराये गए है ।

## (स) विभाग के स्थायी वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिये उपलब्ध विकल्प

विभाग के अधीनस्थ कार्यरत स्थायी वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों हेतु ऊपर उल्लेखित दोनो ही योजनाओं कंडिका vii(अ) तथा कंडिका vii(ब) में सम्मिलित होने के विकल्प खुले हुऐ है, किंतु विभाग द्वारा यह नीति अपनायी गयी है कि किसी भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को दोनो योजनाओं का दोहरा लाभ देने के स्थान पर उनके द्वारा दिये गये विकल्प के आधार पर कोई भी एक योजना का लाभ दिया जावे।

विभाग के ऐसे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी **जिन्हें माननीय श्रम न्यायालय द्वारा पारित आदेश अथवा विभागीय प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये प्रशासकीय आदेश के माध्यम से स्थाई वर्गीकृत नहीं किया गया है,** उनके लिए मात्र कण्डिका vii(ब) में उल्लेखित **"कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के लिये ''स्थाई कर्मियों को विनियमित करने की योजना"** का ही विकल्प उपलब्ध है।

## (द) याचिकाकर्ता कर्मचारियों के स्टेटस के संबंध में स्पष्टीकरण

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कमांक–1 मण्डलेश्वर खरगौन के अधीनस्थ कार्यरत 06 याचिकाकर्ता दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों कमशः (1) श्री यशवंत पिता भगवान सिंह, (2) श्री इंदर पिता पंचम सिंह, (3) श्री भूरे

पिता भगवान सिंह, (4) श्री गजराज पिता भिलु सिंह पटेल, (5) श्री विजय पिता किशन सिहं एवं (6) श्री महादेव पिता ऐड्डु पाटीदार को स्थाई वर्गीकृत किया गया है।

उक्तानुसार उनके पास कंडिका vii(अ) तथा कंडिका vii(ब) में उल्लेखित दोनों योजनाओं में से किसी एक योजना को चुनने का विकल्प था। उनके द्वारा कंडिका vii(अ) में उल्लेखित योजना का चयन किया गया है ।

**(इ) <u>कंडिका</u>** <u>vii(अ) एवं vii(ब) के आधार पर नियमितीकरण की स्थिति का आंकलनः—</u>

ऊपर कंडिका vii(अ) में उल्लेखित प्रथम योजना में स्थाई वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के नियमितीकरण के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की गयी है। मान. उच्चतम न्यायालय द्वारा **एस.एल.पी. (सिविल) कमांक 10519/2020 (विभूति शंकर पांडे बनाम म.प्र.शासन एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 08.02.2023** के अनुसार स्थायी वर्गीकृत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों कमशः (1) श्री यंशवत पिता भगवान सिंह, (2) श्री इंदर पिता पंचम सिंह, (3) श्री भूरे पिता भगवान सिंह, (4) श्री गजराज पिता भिलु सिंह पटेल, (5) श्री विजय पिता किशन सिहं एवं (6) श्री महादेव पिता ऐड्डु पाटीदार की नियमितीकरण की मांग मान्य किये जाने योग्य नहीं है।

यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि उनके द्वारा ऊपर उल्लेखित दूसरी योजना कंडिका vii(ब) का लाभ लिया गया होता तो भविष्य में उनका चयन संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से नियमित पद पर संविलियन हेतु किये जाने पर उन्हें नियमितीकरण संबंधी लाभ प्राप्त हो सकते थे।

<u>(5) याचिका कर्ता कर्मचारियों द्वारा अभ्यावेदन के माध्यम से चाहे गये लाभों का अंतिम निर्धारण</u>

संपूर्ण विचारोपरांत वादी कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन दिनांक 10.10.2023 के माध्यम से प्रस्तुत किये गये नियमितीकरण के दावे को "मौन सहमति", "विलंब" एवं अवधि बीत जाने तथा माननीय उच्चतम न्यायालय की एस.एल.पी. (सिविल) कमांक 10519/2020 (विभूति शंकर पांडे बनाम म.प्र.शासन एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 08.02.2023 के आधार पर अमान्य करते हुये निरस्त किया जाता है।

13.3.2024

**प्रमुख अभियंता**

पृ.क्रमांक 8763 /प्र.अ./विधि/लो.स्वा.यां.वि./2024 भोपाल, दिनांक 18/09/2024

प्रतिलिपि :–

1 मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2 अधीक्षण यंत्री, (प्रशासन) कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जलभवन भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

3 अधीक्षण यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मण्डल, खरगौन की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

4 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कमांक–1 मण्डलेश्वर, खरगौन की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित।

5 श्री कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड कमांक–1 मण्डलेश्वर खरगौन की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित।

12.9.2024

प्रमुख अभियंता

मध्य प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक एफ 5–3/2006/1/3 भोपाल, दिनांक 16 मई, 2007

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, म.प्र. ग्वालियर,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्य प्रदेश ।

**विषयः मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक अपील (सिविल) 3595–3612/1999, सचिव कर्नाटक राज्य एवं अन्य विरूद्ध उमादेवी एवं अन्य के प्रकरण में दिनांक 10.04.2006 को पारित निर्णय में प्रदत्त निर्देशों के अनुसार दैनिक वेतन भोगियों, अस्थायी कर्मचारियों के प्रकरण में कार्यवाही बाबत्।**

सन्दर्भःसामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र क्र. एफ 5–3/2004/एक/3, भोपाल, दिनांक 12.4.2005 ।

—00—

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा मा.सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 3492/1996 हिमांचल प्रदेश सरकार विरूद्ध सुरेश कुमार वर्मा के प्रकरण में दी गई व्यवस्था अनुसार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों, श्रमिकों के सिविल पदों एवं सेवाओं में नियमितीकरण पर रोक लगाकर नियमितीकरण के संबंध में पूर्व में प्रसारित समस्त निर्देशों/आदेशों को निरस्त किया गया है।

2/ मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक अपील (सिविल) 3595–3612/1999, सचिव कर्नाटक राज्य एवं अन्य विरूद्ध उमादेवी एवं अन्य के प्रकरण में दिनांक 10.04. 2006 को निर्णय पारित कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आदेश के मुख्य अंशों की जानकारी परिशिष्ट–1 पर संलग्न है। **मा. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जावे। इस प्रकरण में दी गई व्यवस्था अनुसार विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में प्रतिरक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। मा. सर्वोच्च न्यायालय** का पूर्ण आदेश **http://supremecourtofindia. nic.in/** वेबसाईट पर उपलब्ध है, तथा **(2006) 4 scc1** पर प्रकाशित है।

3/ मा. सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार राज्य सरकार एवं इनके नियंत्रण के अधीन सभी स्थानीय और अन्य प्राधिकारी **केवल एक ही बार के लिए** 10 वर्षो या अधिक से <u>नियमानुसार स्वीकृत पदों</u> पर कार्यरत दैनिक वेतन भोगी/अस्थाई कर्मचारियों की **अनियमित नियुक्तियों** (Irregular appointments) को **{(अवैधानिक नियुक्तियों** (Illegal appointments) **को नही)}** नियमित करने की कार्यवाही की जानी चाहिए। न्यायालय अथवा प्रशासनिक अधिकरण के आदेश से कार्यरत कर्मचारियों को इस प्रकार के नियमितीकरण की पात्रता नहीं होगी। वर्तमान में यह सुनिश्चित किया जावे कि स्वीकृत नियमित पदों, जहां पर अस्थाई कर्मचारी अथवा दैनिक वेतन भोगी भर्ती किए जा रहे हैं, वहां पर केवल भर्ती नियमों के अनुसार ही नियमित नियुक्ति की कार्यवाही की जावे। **भविष्य में नियमितीकरण एवं स्थाई सेवा में लिए जाने के लिए संवैधानिक आवश्यकताओं एवं संविधान की मंशानुसार किए गए प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।** मा. सर्वोच्च न्यायालय व्दारा यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई नियमितीकरण पूर्व में किया गया है एवं न्यायालयों में विचाराधीन नहीं है, ऐसे प्रकरणों को मा. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिप्रेक्ष्य में पुनः परीक्षण की आवश्यकता नहीं है।

4.1/ **अवैधानिक नियुक्ति** से तात्पर्य है कि – "संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत अपात्र लोगों की, ऐसी कार्यवाही के अंतर्गत की गई नियुक्ति जो विधि द्वारा प्रतिषिद्ध हो या जो सिविल कार्यवाही के लिए आधार उत्पन्न करती हो तथा ऐसी नियुक्ति करने हेतु नियुक्तिकर्ता वैध रूप से आबद्ध न हो तथा ऐसी नियुक्ति करना अवैधानिक हो तथा ऐसी नियुक्ति के लिए पद स्वीकृत नहीं होते हुए या नियुक्तिकर्त्ता को नियुक्ति के अधिकार नहीं होते हुए नियम/बाध्यकारी प्रावधानों के उल्लंघन में की गई हो।" उदाहरणार्थ –

- पद स्वीकृत न होना
- आरक्षण नियमों का उल्लंघन कर की गई भर्ती।
- नियुक्ति के समय निर्धारित आयु सीमा न होना।
- भर्ती नियम अनुसार अर्हता न होना।
- नियुक्ति के अधिकार के बिना नियुक्ति।
- कोई पद पर नियुक्ति विधि द्वारा प्रतिषिद्ध हो, फिर भी ऐसे नियमों या संविधान के आज्ञापक प्रावधानों के उल्लंघन में भर्ती की गई हो।

यह सूची उदाहरणस्वरूप है न कि पूर्ण है।

4.2/ **अनियमित नियुक्ति** से तात्पर्य है – "ऐसी नियुक्ति जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 तथा 309 के अंतर्गत किसी राज्य द्वारा नियुक्ति हेतु निर्मित नियमों में से किसी ऐसे नियम से हटकर नियुक्ति दी गई हो जो मूल आधार को प्रभावित

dhar

नहीं करता हो या नियमों के अभाव में प्रक्रिया अपनाए बिना या भर्ती के प्रक्रियागत नियमों का पालन किए बगैर की गई हो। प्रकिया का पालन किए बगैर जो नियुक्ति की गई हो वह अनियमित नियुक्ति की श्रेणी में आएगी। अर्थात् नियुक्त किया गया व्यक्ति पात्र तो है लेकिन भर्ती की कोई एक–दो तरह की सामान्य प्रकिया नहीं अपनाने से ऐसी भर्ती अनियमित नियुक्ति कहलाएगी।"

किसी पद पर नियुक्ति हेतु आधारभूत अर्हताओं को प्रभावित किए बगैर, सक्षम प्राधिकारी व्दारा किसी प्रकियागत नियमों का पालन किए बगैर स्वीकृत रिक्त पद के उपलब्ध होने पर अस्थायी, संविदा नियुक्ति अथवा किसी विशेष कार्य/योजना के निमित्त दैनिक वेतन पर अस्थायी नियुक्ति, संविदा नियुक्ति, स्थानापन्न नियुक्ति, उस पद के लिए वांछित पात्रता रखने वाले व्यक्ति को नियुक्ति दी हो तो वह अनियमित नियुक्ति कहलायेगी। उदाहरणार्थ–

- किसी प्रकियागत नियमों का उल्लंघन किया जाना जो मूलभूत आधार को प्रभावित न करता हो
- किसी नियम मात्र का उल्लंधन किया हो जो प्रकियागत ऐसी त्रुटि न हो कि मूल आधार को ही प्रभावित करती हो।

5/ पैरा –3 के परिप्रेक्ष्य में संदर्भित पत्र में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है एवं निम्नानुसार कार्यवाही **केवल एक ही बार के लिए** सुनिश्चित की जावे :–

5.1 दिनांक 10.04.2006 की स्थिति में प्रत्येक विभाग के अधीन विभागाध्यक्ष द्वारा **मा. सर्वोच्च न्यायालय एवं उक्त निर्देशों के परिप्रक्ष्य में परीक्षण कर** ऐसे व्यक्तियों की सूची बनाई जाकर पैरा 5.2 अनुसार **छानबीन समिति को प्रस्तुत की जावे,** जो–

- 10 वर्ष से अधिक से निरंतर सेवारत हैं किंतु इनमें ऐसे व्यक्ति शामिल नहीं किए जावें, जो न्यायालय/न्यायिक अधिकरण के आदेश से कार्यरत हों,
- जिन्हें स्वीकृत रिक्त पद के विरूद्ध रखा गया है,
- जिस पद पर रखा गया है उस पद की भर्ती नियमों के अनुसार अर्हता रखता हो,
- जिस समय रखा गया उस समय शासन के आदेशानुसार निर्धारित आयु सीमा हो,
- जिसकी नियुक्ति भर्ती नियमों अनुसार सक्षम प्राधिकारी व्दारा की गई हो,
- जिस वर्ग (अजा/अजजा/पिछड़ वर्ग/अनारक्षित) का रिक्त पद है वह उसी वर्ग से संबंधित हो,

- जो अभी न्यायालयीन स्थगन के आधार पर सेवारत न हो।
- **विभागाध्यक्ष की यह जिम्मेदारी होगी कि यह सूची मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एवं उक्त निर्देशों के अनुरूप हो।**

5.2 संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक विभाग द्वारा एक छानबीन समिति गठित की जावे, (जिसमें संबंधित विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव/सचिव के मत में आवश्यक होने पर अन्य अधिकारियों) तथा सामान्य प्रशासन, वित्त एवं विधि विभाग के प्रतिनिधि को सदस्य रखा जावे। यह समिति पैरा–3 से पैरा–5 के निर्देश के परिप्रेक्ष्य में ऐसे प्रकरणों की छान–बीन करेगी जो विभागाध्यक्ष व्दारा पैरा– 5.1 अनुसार प्रस्तुत किये जायेंगे।

5.3 **नीचे उल्लेखित कंडिका–12 की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत** छानबीन समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं पर संबंधित पद के नियुक्तिकर्ता अधिकारी व्दारा नियमितीकरण की कार्यवाही की जावेगी। **यह नियमितीकरण जारी आदेश दिनांक से प्रभावशील होगा। पूर्व की सेवा, पेंशन एवं अन्य स्वत्वों के लिए इस हेतु मान्य नहीं होगी। नियमितीकरण होने पर नियमितीकण के आदेश के दिनांक से संबंधित पद के वेतनमान के न्यूनतम वेतन से वेतनमान आरंभ होगा।**

5.4 छानबीन समिति यह सुनिश्चित करेगी कि नियमितीकरण केवल अनियमित नियुक्त ( Irregular Appointed ) का ही किया जावे एवं यह सुनिश्चित किया जावेगा कि अवैधानिक नियुक्त ( Illegal Appointed ) पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

